संख्या- 22/2022/519/53-2-2022-29(बजट)/17टीसी

प्रेषक,

राम सहाय यादव,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

दुग्ध आयुक्त
दुग्धशाला विकास विभाग,
जवाहर भवन, लखनऊ।

दुग्ध विकास अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 27 जुलाई, 2022

विषयः- 'नन्दबाबा पुरस्कार' के प्रदेश स्तरीय चयन समिति हेतु अध्यक्ष नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-157/दुग्ध-4/नियो/नन्द/गोकुल पुरस्कार, दिनांक 23 जून, 2022 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से प्रदेश में भारतीय गोवंश की गाय के सर्वाधिक दूध देने वाले दुग्ध उत्पादक को राज्य स्तरीय 'नन्दबाबा पुरस्कार' प्रदान किये जाने हेतु शासनादेश संख्या-21/2018/1642-53-2-18- 2(29)/17टीसी, दिनांक 22-10-2018 द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में मुख्य महाप्रबन्धक, पीसीडीएफ लि0 का पद रिक्त होने के कारण, उनके स्थान पर प्रबन्ध निदेशक, पीसीडीएफ लि0 को अध्यक्ष नामित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 'नन्दबाबा पुरस्कार' हेतु उक्त शासनादेश दिनांक 22-10-2018 द्वारा गठित राज्य स्तरीय चयन समिति में मुख्य महाप्रबन्धक, पीसीडीएफ0 लि0 का पद रिक्त होने की दशा में प्रबन्ध निदेशक, पीसीडीएफ लि0 द्वारा राज्य स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया जायेगा।

3- शासनादेश संख्या-21/2018/1642-53-2-18-2(29)/17 टीसी, दिनांक 22 अक्टूबर, 2018 के शेष नियम व शर्तें यथावत् रहेंगी।

अतएव अनुरोध है कि कृपया सन्दर्भगत प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राम सहाय यादव)
विशेष सचिव।

संख्या-22/2022/519(1)/53-2-2022 तददिनांक

प्रतिलिपि प्रबन्ध निदेशक, पी0सी0डी0एफ0लि0 29 पार्क रोड, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(पंकज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in